**बिहार सरकार**

**ग्रामीण विकास विभाग**

पत्रांक 442657 ग्रा0वि0- 15 बैठक-7/2019 पटना, दिनांक 28/09/19

प्रेषक,

**अरविन्द कुमार चौधरी,भा०प्र०से०,**
सचिव।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

विषय: **लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गतसभी योग्य लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किये जाने हेतु आवश्यक राशि के प्रबंधन/उपलब्धता के संबधं में।**

प्रसंग- **संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार सरकार के पत्र संख्या 46200/ दिनांक 03.09.2019 ।**

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करनाहै कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत सभी योग्य लाभार्थियों को भुगतान करने के लिए समय-सीमा नियत की है तथा निर्धारित समय-सीमा के उपरांत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत किसी भी लंबित देय राशि क्रे लिए उत्तरदायी नहीं होगी। साथ ही जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान हेतु केन्द्रांश की राशि प्राप्त करने हेतु 31 अक्टूबर 2019 तक दावा प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया है।

विदित है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत वर्तमान में कुल 63.55 लाख (67.2%) लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है एवं अभी भी IMIS के अनुसार 38 लाख लाभार्थियों को भुगतान किया जाना शेष है, जिस हेतु रू० 4600/- करोड़(रू०2760/- करोड़ केन्द्रांश की राशि) करोड़ की आवश्यकता होगी।

उपरोक्त वर्णित केन्द्रांश मद (रू० 2760/- करोड़) की राशि प्राप्त करने हेतु आवश्यक है कि दिनांक 31.10.2019 के पूर्व न्यूनतम 15 लाख योग्य लाभार्थियों को भुगतान किया जाए एवं शेष सभी योग्य लाभार्थियों को 30 नवम्बर 2019 तक प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाए।

अत: लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत सभी योग्यएवं पात्र लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु माह अक्टूबर 2019 में लगातार विशेष अभियान चलाये जाने की आवश्यकता के मद्देनजर सभी जिलों को निम्न निदेश दिया जाता है :-

1. राज्य स्तर पर जिलों में प्रोत्साहन राशि भुगतान के लक्ष्य को 20 अक्टूबर 2019 एवं 15 नवम्बर 2019 तक के समय-सीमा अनुसार निर्धारित किया गया है (सूची संलग्न) एवं तदनुसार सभी जिलों द्वारा प्रखण्डवार एवं पंचायतवार प्रोत्साहन राशि भुगतान के लक्ष्य का आकलन तैयार किया जाए एवं सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को साप्ताहिक एवं दैनिक लक्ष्य दिया जाए। निदेशक-DRDAएवं प्रखण्ड के वरीय नोडल पदाधिकारी लक्ष्य प्राप्ति हेतु किये गये कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा कर उपविकास आयुक्त/जिला पदाधिकारी को सौंपेंगे।
2. प्रखण्ड स्तर पर चिन्हित (IMIS पर दर्ज) लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए, जिसमें पंचायतवार कैलेन्डर (शिविर) तैयार कर एक विशेष दल (न्युनतम 10-15 कर्मियों) को पंचायत से सभी लंबित आवेदन प्राप्त करने का कार्य सौंपा

जाए। इस कार्य में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी पंचायतराज प्रतिनिधियों से सहयोग प्राप्त किया जायेगा। आवेदन प्राप्ति की पंचायतवार समीक्षा, प्रतिदिन निदेशक-DRDA एवं प्रखण्ड के वरीय नोडल पदाधिकारी द्वारा की जायेगी।

3. प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर पर निर्मित शौचालयों का Geo-Tagging एवं लाभार्थियों का आधार संख्या प्राप्त किये जाने हेतु कार्य एक साथ किया जायेगा। शत् प्रतिशत Geo-Tagging प्राप्ति हेतु विभागीय पत्रांक 430570/29.06.2019 के आलोक में पंचायत स्तर पर रणनीति तैयार की जाए।
4. प्रोत्साहन राशि भुगतान के विशेष अभियान हेतु प्रखण्ड/जिला एवं राज्य स्तर पर 'विशेष सेल' का गठन किया जाए एवं 'विशेष सेल' द्वारा लगातार, विभिन्न स्तरों पर प्रोत्साहन राशि भुगतान का अनुश्रवण किया जायेगा।
5. उपविकास आयुक्त/जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड के लक्ष्य एवं उपलब्धि के आधार पर आवश्यकतानुसार क्षेत्र-भ्रमण करेंगे तथा सप्ताह में दो बार सभी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की समीक्षा एवं अनुश्रवण करेंगे।
6. राज्य स्तरीय SPMU-LSBA द्वारा लक्ष्य में पीछे चल रहे जिलों/प्रखण्डों में भ्रमण कर आवश्यक तकनीकी सहयोग किया जायेगा।
7. इस विशेष प्रोत्साहन राशि भुगतान अभियान में प्रखण्ड/पंचायत/जिला स्तर पर किसी भी अधिकारी या कर्मी द्वारा कोताही बरतने, लापरवाही किये जाने या सहयोग नहीं करने जैसे शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर नियमानुसार संबंधित कर्मियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

यह अपेक्षित है कि प्रोत्साहन राशि भुगतान की सफलता एवं लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी तन्मयतापूर्वक अपना योगदान देंगे एवं आपके नेतृत्व में यह अभियान पूर्णत: सफल होगा।

विश्वासभाजन

27/9/2019

(अरविन्द कुमार चौधरी)
सचिव

ज्ञापांक: 442657 पटना, दिनांक 28/09/19

प्रतिलिपि : सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष/निदेशक-सह-सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/9/2019

सचिव।

ज्ञापांक: 442657 पटना, दिनांक 28/09/19

प्रतिलिपि : मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह- मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

27/9/2019

सचिव।

ज्ञापांक: 442657 पटना, दिनांक 28/09/19

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार /विकास आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित ।

सचिव। 27/9/2019

| Incentive Payment Target for next two drive | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Districts | Final Eligible IHHL for Incentive Payment | Cumulative Incentive Payment | % HHs Paid | Remaining LOB Data | Balance IHHL for Incentive payment (Including LOB) | Target from 1st Oct to 20th Oct-19 | Target from 20th Oct-19 to 15th Nov-19 |
| 1 | KISHANGANJ | 192260 | 177038 | 92.1 | 11903 | 27125 | 11935 | 15190 |
| 2 | KAIMUR(BHABUA) | 222868 | 196481 | 88.2 | 3000 | 29387 | 12930 | 16457 |
| 3 | BEGUSARAI | 251243 | 214669 | 85.4 | 13431 | 50005 | 22002 | 28003 |
| 4 | KATIHAR | 262012 | 222410 | 84.9 | 5581 | 45183 | 19881 | 25302 |
| 5 | SHEOHAR | 99564 | 83603 | 84.0 | 8026 | 23987 | 10554 | 13433 |
| 6 | NALANDA | 206488 | 172630 | 83.6 | 14113 | 47971 | 21107 | 26864 |
| 7 | AURANGABAD | 168174 | 139004 | 82.7 | 9306 | 38476 | 16929 | 21547 |
| 8 | SHEIKHPURA | 66848 | 54545 | 81.6 | 2536 | 14839 | 6529 | 8310 |
| 9 | NAWADA | 141973 | 114011 | 80.3 | 13027 | 40989 | 18035 | 22954 |
| 10 | SIWAN | 214768 | 171252 | 79.7 | 14796 | 58312 | 25657 | 32655 |
| 11 | SAMASTIPUR | 418714 | 333540 | 79.7 | 33257 | 118431 | 52110 | 66321 |
| 12 | SITAMARHI | 386677 | 304212 | 78.7 | 64870 | 147335 | 64827 | 82508 |
| 13 | GOPALGANJ | 236647 | 184781 | 78.1 | 878 | 52744 | 23207 | 29537 |
| 14 | SASARAM(ROHTAS) | 221548 | 169981 | 76.7 | 41503 | 93070 | 40951 | 52119 |
| 15 | KHAGARIA | 159381 | 115549 | 72.5 | 9505 | 53337 | 23468 | 29869 |
| 16 | MUNGER | 128385 | 92926 | 72.4 | 9325 | 44784 | 19705 | 25079 |
| 17 | BHAGALPUR | 197494 | 141448 | 71.6 | 21748 | 77794 | 34229 | 43565 |
| 18 | LAKHISARAI | 92949 | 66462 | 71.5 | 3574 | 30061 | 13227 | 16834 |
| 19 | BHOJPUR | 225478 | 159941 | 70.9 | 4892 | 70429 | 30989 | 39440 |
| 20 | SUPAUL | 302232 | 207554 | 68.7 | 11549 | 106227 | 46740 | 59487 |
| 21 | JEHANABAD | 92639 | 62582 | 67.6 | 3000 | 33057 | 14545 | 18512 |
| 22 | MADHEPURA | 212813 | 135076 | 63.5 | 17797 | 95534 | 42035 | 53499 |
| 23 | PASHCHIM CHAMPARAN | 416622 | 261265 | 62.7 | 38449 | 193806 | 85275 | 108531 |
| 24 | ARWAL | 56642 | 35456 | 62.6 | 983 | 22169 | 9754 | 12415 |
| 25 | VAISHALI | 226049 | 140525 | 62.2 | 19995 | 105519 | 46428 | 59091 |
| 26 | GAYA | 364621 | 225165 | 61.8 | 11850 | 151306 | 66575 | 84731 |
| 27 | SAHARSA | 221070 | 133718 | 60.5 | 3802 | 91154 | 40108 | 51046 |
| 28 | DARBHANGA | 470500 | 282099 | 60.0 | 46935 | 235336 | 103548 | 131788 |
| 29 | SARAN | 273144 | 159077 | 58.2 | 10086 | 124153 | 54627 | 69526 |
| 30 | MUZAFFARPUR | 493070 | 286571 | 58.1 | 55368 | 261867 | 115221 | 146646 |
| 31 | PATNA | 275197 | 158302 | 57.5 | 19000 | 135895 | 59794 | 76101 |
| 32 | ARARIA | 377545 | 212990 | 56.4 | 12872 | 177427 | 78068 | 99359 |
| 33 | JAMUI | 165222 | 89885 | 54.4 | 4156 | 79493 | 34977 | 44516 |
| 34 | PURBA CHAMPARAN | 486276 | 264331 | 54.4 | 53941 | 275886 | 121390 | 154496 |
| 35 | BUXAR | 130955 | 70644 | 53.9 | 15370 | 75681 | 33300 | 42381 |
| 36 | PURNIA | 282419 | 151145 | 53.5 | 13656 | 144930 | 63769 | 81161 |
| 37 | BANKA | 179200 | 95435 | 53.3 | 3965 | 87730 | 38601 | 49129 |
| 38 | MADHUBANI | 539219 | 269129 | 49.9 | 30000 | 300090 | 132040 | 168050 |
| Bihar | | 9458906 | 6355432 | 67.2 | 658045 | 3761519 | 1655067 | 2106452 |